**भा.कृ.अनु.प.-भारतीय सोयाबीन अनुसंधान संस्थान, खंडवा रोड, इन्दौर-452001**

**फ़ाइल क्रमांक: प्रेस नोट/प्रेस व पब्लिसिटी/2022/61**

# *भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् की "मध्य भारत खेल-कूद प्रतियोगिता" का हुआ शुभारंभ*

**इंदौर, मध्यप्रदेश.** इंदौर में पहली बार भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् की "मध्य क्षेत्र खेल-कूद प्रतियोगिता" का शुभारंभ मंगलवार को हुआ. इस चार दिवसीय प्रतियोगिता का आयोजन देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर के स्कूल ऑफ़ फिजिकल एजुकेशन के प्रांगण में किया जा रहा है. प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में देवी अहिल्या विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ रेणु जैन तथा विशेष रूप से केंद्रीय कृषि अभियांत्रिकी संस्थान, भोपाल के निदेशक डॉ सी.आर. मेहता उपस्थित रहे. अतिथि गणों की सूचि में विश्वविद्यालय तथा आई.सी.ए.आर के निदेशकों ने कार्यक्रम कि गरिमा बढ़ाई, जिसमे डॉ सुधीरा चंदेल, निदेशक, फिजिकल एजुकेशन, डी.ए.वी.वी, इंदौर; डॉ अनिकेत सान्याल, निदेशक, निषाद, भोपाल; डॉ ए.बी. सिंह, निदेशक, भारतीय मृदा अनुसन्धान संस्थान, भोपाल; डॉ जे.एस. मिश्रा, निदेशक, खरपतवार अनुसन्धान निदेशालय, जबलपुर; डॉ बी.पी. भास्कर, निदेशक, एन.बी.एस.एस.एल.यु.पी, नागपुर; डॉ शरद चौधरी, अधिष्ठाता, कृषि महाविद्यालय, इंदौर; डॉ दीपक मेहता, हेड, फिजिकल एजुकेशन, डी.ए.वी.वी; डॉ के.सी. शर्मा, अध्यक्ष, भारतीय कृषि अनुसन्धान संस्थान, क्षेत्रीय गेहू अनुसन्धान केंद्र , इंदौर उपस्थित रहे.

इसके उद्घाटन समारोह के अवसर पर मेजबान संस्था  भारतीय सोयाबीन अनुसन्धान संस्थान, इंदौर के निदेशक डॉ के.एच. सिंह द्वार कार्यक्रम कि मुख्या अतिथि डॉ रेनू जैन जी का आभार व्यक्त उनके द्वारा हमेशा तत्परता से सहयोग करने के लिए आभार व्यक्त किया गयाअन्य उपस्थित सभी अतिथियों का अभिनन्दन किया गया.

इस अवसर पर डॉ रेनू जैन ने कहा कि यह जीवन के कुछ महत्वपूर्ण पल हैं जो आप खेल के समय बिताते है लेकिन  हार-जीत को खिलाडी वृत्ति के साथ अपनाना चाहिए.  स्पिरिट के साथ

उसको अपनाये सर्वोत्तम योगदान दीजिये और ख़ुशी ख़ुशी निर्णय एक्सेप्ट करंगे. इस अवसर पर उन्होंने अंग्रेजी भाषा का एक वाक्य दोहराया “quote the most satisfactory life is that which is spent in the pursuit of becoming the best version of yourself” जिसका अर्थ हैं कि हमे हर दिन नई सोच के साथ कार्य करना चाहिए क्यों कि हमारी लड़ाई खुद से है और हम रोज़ विकसित होते रहे आगे बढ़ते रहे. उन्होंने इसी के साथ इस चार दिवसीय कहेल प्रतियोगिता समागम के शुभारम्भ कि घोषणा कि एवं देश के सबसे स्वच्छ तथा खानपान के लिए प्रसिद्ध  इंदौर शहर का आनंद लेने हेतु आवाहन किया. प्रतियोगिता के प्रथम दिन विभिन्न खेल जैसे; फुटबॉल, वॉलीबॉल, कबड्डी, एथलेटिक्स, जेवलिन थ्रो, डिस्कस थ्रो तथा बैडमिंटन खेले गए. प्रतियोगिता में पहली बार क्रिकेट का भी आयोजन किया गया जिसमे आई.आई.एस.आर., इंदौर द्वारा पहले ही मुकाबले में जीत का परचम लहराकर आगाज़ किया गया. अन्य खेलों कि सूची  में कबड्डी में सी.आई.ए.इ., भोपाल और एन.बी.पी.जी.आर., दिल्ली और फुटबॉल में आई.ए.आर.आई., दिल्ली तथा आई.आई.एस.एस, भोपाल की टीमें विजेता रही.





